तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



14 कलेक्टर ने की कृषि से जुड़े सभी विभागों के कामकाज...






14 हितग्राहियों से समस्याओं को लेकर की गई चर्चा




# राजनीति में ओबीसी वर्ग की बढ़ेगी हिस्सेदारी, अभी जिले में इस वर्ग के दो विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की राजनीति में पिछड़ा वर्ग के लोगों की भागीदारी बढ़ सकती है। क्योंकि इस वर्ग की जिले में जनसंख्या करीब 6 लाख हो गई है। जिले की वर्तमान जनसंख्या के हिसाब से ओबीसी जनसंख्या 50 फीसदी से थोड़ा कम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पंच, सरपंच से लेकर जनपद व जिला पंचायत तक में पिछड़ा वर्ग की राजनीतिक भागीदारी बढ़ सकती है। अनुसूचित जनजाति के बाद जिले में सबसे अधिक संख्या इसी वर्ग की होगी। जिले के नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग आबादी की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर ही आरक्षण तय किया जाएगा। इसमें सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन आधार पर जिले में कराए गए सर्वे के बाद अभी अंतरिम रिपोर्ट भेज दी गई है रिपोर्ट के आधार पर कई निकायों और पंचायत क्षेत्रों में आरक्षण बदलने की भी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा रहा है। बीते चुनाव में कई ऐसे निकाय रहे हैं, जहां आरक्षण को लेकर विवाद की स्थिति रही है। जिले में कई ऐसे निकाय हैं, जहां ओबीसी की आबादी ज्यादा है, लेकिन वहां आरक्षण का लाभ अन्य वर्ग को मिल रहा है। नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए ओबीसी की भागीदारी सिर्फ दो नगरीय निकाय तक सीमित है। वहीं, विधानसभा चुनाव में इस वर्ग की संख्या का असर पड़ने की संभावना कम है। क्योंकि, दो विधायक ओबीसी वर्ग से ही हैं और एक सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। वहीं, एक सीट बसना पर सामान्य काबिज हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की जनसंख्या 10 लाख 32 हजार 754 है। अनुसूचित जनजाति वर्ग की संख्या 2 लाख 79 हजार 898 है। जबकि, अनुसूचित जाति की आबादी एक लाख 39 हजार 581 याने कि 13.5 फीसदी है।

## जिले में बढ़े ओबीसीः अंचल में 6 लाख तो नगरीय क्षेत्रों में संख्या 59 हजार

### निकायों 59 हजार से अधिक ओबीसी

2011 की जनगणना में निकाय की आबादी 97,680 थी। तेरह सालों में यहां की कुल आबादी बढ़ गई होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कराए गए पिछड़ा वर्ग की जनगणना के अनुसार शहर के 15 हजार 576 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें ओबीसी वर्ग की संख्या 59 हजार 158 है।

| निकाय | परिवार | सदस्य |
|---|---|---|
| सरायपाली | 2081 | 7816 |
| बसना | 1372 | 5159 |
| पिथौरा | 1151 | 4714 |
| बागबाहरा | 2482 | 9262 |
| महासमुंद | 6588 | 26834 |
| तुमगांव | 1902 | 5373 |

### ओबीसी सर्वे का काम पूरा

अपर कलेक्टर रवि साहू ने बताया कि ओबीसी सर्वे का काम पूरा हो गया है, जिसके हिसाब से नगरीय क्षेत्रों में ओबीसी की संख्या 59 हजार 158 है। फिलहाल डेटा ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। इसके बाद अंतिम आंकड़े आएंगे। ओबीसी का पिछला डाटा उनके पास उपलब्ध नहीं है।

**अंतरिम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक तस्वीर सामने आ पाएगी**

## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## रोषः विभिन्न मांगों और शिकायतों से कलेक्टर को कराया अवगत

# छात्रों ने खोला नवकिरण अकादमी समन्वयक के खिलाफ मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवकिरण अकादमी और ग्रंथालय के जिला समन्वयक के खिलाफ छात्रों ने बुधवार को मोर्चा खोल दिया। पहले कलेक्टोरेट पहुंचकर छात्रों ने जिला समन्वयक की शिकायत कि जिसके बाद 4 बजे कलेक्टर स्वयं शिकायतों के संबंध में छात्रों से बातचीत करने नवकिरण अकादमी पहुंचे। इसके पहले नवकिरण अकादमी ग्रन्थालय के छात्रों ने अकादमी संचालक (समन्वयक) डी. बसंत साव की मनमानी के चलते और अन्य समस्याओं के सम्बंध में पूर्व विधायक महासमुंद एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा से कलेक्ट्रेट परिसर में मिलकर शिकायत की। ग्रन्थालय के छात्रों ने कहा कि संचालक द्वारा मनमानी की जाती है। साथ ही छात्रों से अभद्र व्यवहार किया जाता है। और भी कई समस्याओं को छात्रों ने डॉ. चोपड़ा को अवगत कराया कि आवश्यकता से अधिक छुट्टी देना, चर्चा कक्ष और लाइब्रेरी के बहुत सारे खाली पड़े कमरों को बेवजह बंद कर देना, छात्रों के साथ समन्वयक का अभद्र व्यवहार में बात करना, छात्रों के समस्याओं का निराकरण समन्वयक द्वारा न किया जाना, वाई फाई का मेंटेनेंस न कराना, मासिक समसामयिकी का उपलब्ध न कराना, नवकिरण अकादमी में योग्य, वरिष्ठ शिक्षक उपलब्ध न करा पाना, अपने पहचान के शिक्षक को बिना किसी प्रतियोगिता के चयनित कर पढ़ाने हेतु रख लेना, इन सभी समस्याओं को छात्रों द्वारा डॉ. चोपड़ा को अवगत कराया गया। समस्याओं के निराकरण न होने की स्थिति में छात्रों ने आंदोलन की चेतावनी दी, जिसपर डॉ. चोपड़ा ने छात्रों को आंदोलन न करने की बात कहते हुए, ग्रंथालय की समस्याओं और संचालक की शिकायत का निराकरण करने का छात्रों को आश्वस्त किया। डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि इस मामले को मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री के सामने रखते हुए सभी समस्याओं के निराकरण का प्रयास करेंगे।



### यह छात्र पहुंचे थे शिकायत लेकर

इस दौरान प्रतिभा साहू, तृप्ति चन्द्राकर, लवली साहू, नोमित सिन्हा, अवधेश गिलहरे, विपिन तिवारी, सुरेन्द्र डहरिया, मोनू चन्द्राकर, अंजली स्वामी, निलेश साहू, पुष्कर चंद्राकर, रितेश घृतलहरे, भारती मांडले, मोहन राजपुत, सन्नी चंद्राकर, तोमन भंडारी, नूमेंद्र साहू, अजय खूटे, खुमेश साहू, शुभम चंद्राकर, रोशन ध्रुव, आकाश घृतलहरे, सौरभ चंद्राकर, हर्ष चन्द्राकर, कुणाल मेश्राम एवं समस्त नवकिरण ग्रंथालय के छात्र उपस्थित रहे।

### यह हैं मांगें

- आवश्यकता से अधिक ग्रंथालय में छुट्टी देना।
- छात्रों की समस्याओं को अनसुना कर देना।
- डिस्कशन रूम को बंद कर देना।
- नियमित पत्रिका तथा सम सामियिकी पुस्तकों के नही मिलना।
- समय को बढ़वाने के लिए कई बार आवेदन दिया गया पर ध्यान नही देना।
- बिना विजह अपने मन से नियम बनाकर छात्रों को प्रताड़ित करना।
- ग्रंथालय का एसी खराब है उसे नही सुधरवाने पर ध्यान नहीं।
- जिला समन्वयक डी. बसंत साव का कहना है कि छात्रों द्वारा अपनी मांगों को प्रशासन से अवगत कराया गया है। छुट्टी के प्रस्ताव दिए गए हैं, लागू नहीं किए गए। वहीं डिस्कशन रूम असमाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है। इसलिए उसे बंद कर दिया गया है। ग्रंथालय के मेंबर नहीं हैं वे भी शिकायत में शामिल हैं।

## दुर्गोत्सव



**महासमुंद।** जय मां भवानी दुर्गोत्सव समिति, अंबेडकर चौक

## खबर संक्षेप

### अपेरा कार्यक्रम देखने गए दंपत्ति से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पथरला में चल रहे अपेरा कार्यक्रम देखने गए एक दंपत्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को गांव की ममता भोई ने बताया कि 8 अक्टूबर को वह अपने पति अशोक कुमार भोई के साथ गांव में हाई स्कूल के पास अपेरा कार्यक्रम देखने गई थी। रात करीब 11 बजे गांव के अरूण प्रधान पिता छोटेलाल प्रधान, मनोज प्रधान पिता हिरण प्रधान, देवकांत प्रधान पिता अरूण प्रधान, सूर्यकांत प्रधान पिता अनिल प्रधान निवासी पथरला ने एक राय होकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किए, जिससे महिला के पति के बाएं हाथ, माथे व सीने में चोट लगी है। वहीं मारपीट करने से मना करने व बीच बचाव करने पर महिला के साथ भी हाथ मुक्का से मारपीट की गई। बसना थाने में मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# मालवाहकों में यात्री परिवहन करने पर की गई कार्रवाई

## 11500 रुपए का समझौता शुल्क वसूला, कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण समस्याओं को लेकर मालवाहक में शिकायत करने पहुंचे दो वाहनों पर कलेक्टर के निर्देशन में चालानी कार्रवाई की गई। मंगलवार को जनदर्शन के दौरान कलेक्टोरेट गेट पर दोनों कार्रवाई की गई।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में मालवाहक वाहन क्रमांक सीजी 04 एनए 5971 और सीजी 06 जीवाय 6802 द्वारा यात्रियों को परिवहन किया जाता पाया गया। वाहनों पर 6500 रुपए, 5000 रुपए कुल 11500 रुपए का समझौता शुल्क वसूला गया।



**कार्रवाई के दौरान यह रहे मौजूदः** कार्रवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे और जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर यात्रियों को यह समझाईश दी कि मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन न करें और वाहन चालकों को सभी दस्तावेजों को अद्यतन रखने कहा।

### मालवाहकों में न बिठाएं जाएं यात्रीः कलेक्टर



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि अन्य जिलों से मिल रही घटना की खबरों के चलते सचेत करने उक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि लोग किसी भी स्थिति में मालवाहकों में यात्रियों को ढोए से परहेज करें।

# दुर्गा देखकर लौट रहे युवक-युवती को बाइक ने मारी ठोकर

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पिटियाझर दुर्गा चौक के पास दुर्गा देखकर लौट रहे सायकल सवार युवक-युवती को बाइक ने ठोकर मार दिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। वार्ड नंबर 12 लालदाढ़ी पारा महासमुंद निवासी मनीष यादव ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा कृष्णा यादव एवं पड़ोस में रहने वाली सुष्मिता महंती को सोमवार रात्रि में दुर्गा देखने के लिए एक ही सायकल से निकले। दुर्गा देखते हुए रात्रि करीब 9 बजे पिटियाझर दुर्गा चौक के पास पहुचे थे, तभी सामने से आ रही मोटर सायकल सीजी 06 जीएन 2666 के चालक अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से सायकल को ठोकर मार दी, जिससे दोनों सायकल सहित रोड पर गिर गए, सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट से कृष्णा यादव के दोनों पैर, पीठ, कमर, दाहिने आंख एवं सुष्मिता महंती के सिर, दाहिने हाथ, पैर में चोटे आई है। कृष्णा यादव का प्राथमिक इलाज पिटियाझर के डॉक्टर द्वारा किया गया एवं सुश्मिता महंती को उसके पिता संजय मंहती द्वारा इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## युवक और उसके भाई के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्टेशन रोड में एक युवक और उसके भाई के साथ चार लोगों ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को हिमांशु चंद्राकर पिता शैलेंद्र चंद्राकर निवासी स्टेशन रोड ने बताया कि 6 अक्टूबर की शाम लगभग 4 बजे घर के सामने अपनी कार में बैठकर मुख्य सड़क पर पहुंचकर गाड़ी रोका था, तभी मेरे पीछे खड़ी कार क्रमांक सीजी 04 एलवी 5006 में सवार चार व्यक्ति गाड़ी से उतरे और मेंरे कार के पास आकर कहने लगे कि गाड़ी चलाना नहीं आता क्या कहकर मुझे कार से खींचकर बाहर निकाला और सिर, पीठ, हाथ व कोहनी और छाती में मारपीट करने लगे। इनमें लाल शर्ट पहने व्यक्ति ने जान से मार दूंगा कहकर अपने हाथ से मेरा गला दबा दिया था । आवाज सुनकर मेरा बड़ा भाई हर्षित आया, तब उसके साथ भी चारों व्यक्ति ने मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।



### 4 ट्रैक्टर एवं जेसीबी लोडर मशीन जब्त

**महासमुंद।** खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर सतत कार्रवाई जारी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा मंगलवार को ग्राम लाफिनकला में रेत के अवैध परिवहन की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 04 ट्रैक्टर वाहन जब्त किया गया। इसी तरह ग्राम खट्टी में रेत के अवैध भंडारण एवं परिवहन की शिकायत पर औचक जांच करते हुए जेसीबी लोडर मशीन को जब्त किया गया। जब्त सभी वाहनों को थाना सिटी कोतवाली की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।

## आरोपियों के पास से 2 बाइक, 2 चाकू और नकदी रकम जब्त

# चाकू दिखाकर लूट की घटना, 4 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली क्षेत्र में लूट करने वाले 04 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों के कब्जे से 02 मोटर साइकिल, 02 धारदार चाकू, व नगदी रकम 3000 रुपए जब्त किया गया है। घटना के बारे में सरायपाली पुलिस ने बताया कि 6 अक्टूबर को प्रार्थी मेघनाथ परेवा पिता गशो परेवा निवासी कुंडापाली थाना सरायपाली सुबह अपने साथी लोकनाथ सरवास के साथ सब्जी मंडी सरायपाली जा रहा था। करीब सुबह 4 बजे तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल रोक कर चाकू से मार कर चोट पहुंचाए एवं 7 हजार रुपए लूट कर ले गए। इसकी रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ थाना सरायपाली में धारा 126(2), 309(6), 3(5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया।

इसी प्रकार प्रार्थी महादेव सेठ पिता विमलेश्वर सेठ (45 वर्ष) गोहरपाली ने थाने उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 अगस्त को वह घर से मोटरसाइकिल से 13500 रुपए लेकर बकरी खरीदने के लिए सरायपाली आ रहा था। सुबह 5 ग्राम तोरेसिंहा सुरंगी नाला के पास पहुंचा ही था कि एक मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति आए और मेरा रास्ता रोककर गाली-गलौज कर अपने पॉकेट से बटन वाला चाकू निकालकर मेंरे गले के पास टिका दिया और मुझे पैसा मांगने लगा उसका विरोध किया तो उसने तुझे जान से मार दूंगा कहकर मेंरे पेंट के दाहिने पेट में रखे 13500 रुपए लूट लिया है।




इस घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 126(2) 296, 309(4), 351(2), 3 (5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।


इसी बीच विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी ग्राम बलौदा में छुपे हुए हैं। आरोपियों के ठिकानों पर छापा मारकर उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने एक-एक कर कड़ाई से पूछताछ की गई। इन लोगों ने अपने नाम शेखर महापात्र पिता नित्यानंद महापात्र (21 वर्ष) ग्राम बलौदा, रूपानंद बेहरा पिता छबि बेहरा (20 वर्ष) ग्राम बलौदा, बन्नू गड़तिया पिता सुरेश गड़तिया (24 वर्ष) बलौदा, तरुण तिवारी पिता काशीप्रसाद (21 वर्ष) बलौदा जिला महासमुंद का निवासीहोना बताया। मामले में हितेश पाढ़ी, सदानंद बेहरा, बिट्टू नाग फरार हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियो के संयुक्त कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 नग मोटर साइकिल, 02 नग धारदार चाकू नगद रकम 3000 रुपए को जब्त कर आरोपियो को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### शारदा मंदिर में धूमधाम से मनाई गई सप्तमी

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र पर्व पर तुमगांव रोड स्थित मां शारदा मंदिर में सप्तमी तिथि बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां का भव्य श्रृंगार, भजन महाआरती की गई। साहू समाज की कुलदेवी मां शारदा को समाज की माताओं द्वारा हलवा पूड़ी का विशेष भोग लगाया गया। जिसमें समाज के अलावा भी बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित हुए। मंदिर के पुजारी श्रवण कुमार शास्त्री ने बताया कि इस बार ज्योति कलश की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा मां के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण रोज माता के दरबार में पहुंच रहे हैं।

### प्रोफेसरों ने किया निरीक्षण किसानों को दी सलाह




**कांकेर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों का मोहपुर में ग्रामीण कृषि कार्य के अनुभव कार्यक्रम के निरीक्षण के लिए प्रोफेसरों की टीम पहुंची, जिसमें सह प्राध्यापक उद्यानिकी डॉ. फूल सिंह मरकाम व प्रदीप गंजीर ने विद्यार्थियों द्वारा चुने गए किसानों के खेतो का भ्रमण किया व किसानों से परिचर्चा के दौरान उद्यानिकी फसलों में अल्प अवधि, समय के अनुरूप पछेती किस्मों को लगाने, विभिन्न प्रकार के नर्सरी तैयार करने, फसलों को वैज्ञानिक पद्धति से लगाने के लिए मार्गदर्शन दिए। सब्जियों में जैविक और प्लास्टिक मल्च और ड्रिप का उपयोग करके सब्जियों को लगाने के बारे में बताया और साथ में गृह वाटिका में नार वाली सब्जियों को सम्मिलित करने का सुझाव दिया।

### नया धान खरीदी केंद्र खोलने की की मांग



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम नवागांव में आमागढ, नवागांव , हिगनपुरी, एडगुड,बोदेली, हानपतरी, चेमल,गुलाल बोड़ी, पडगाल, पहन कन्हार चिहरो के किसान ग्राम नवागांव में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने बताया कि नवीन उपार्जन केंद्र नवागांव की आवश्यकता है, क्योंकि ग्राम नवागांव के अंतर्गत आश्रित ग्राम 11 गांव है, जो उपार्जन केंद्र दुगूकोदल 11 गांव की दूरी लगभग 12 किलोमीटर दूरी स्थित है।

### एक दिनी मानसगान सम्मेलन ठेमा में हुआ

**सरोना।** सरोना तहसील के अंतर्गत तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तत्वाधान में ग्राम ठेमा के शीतला मंदिर प्रांगण में एक दिवस मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय मंडलियों ने भाग लिया और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था किया गया। कथावाचक महेन्द्र गंजीर ने अपने व्याख्यान में नारी शक्ति की महानता और राम चरित मानस में नारी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मानव समाज में नारी का स्थान कितना महत्वपूर्ण है और किस प्रकार वह परिवारों को जोड़ती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने इस आयोजन की सराहना किया। मंच संचालन रमेश सलाम और सोमलाल निषाद ने किया। इस अवसर पर सुरेखा नेताम, नमिका यादव, रजमा वट्टी, संगीता यादव, केआर गजबल्ला एवं हृदय शोरी के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तनाव प्रबंधन एवं योगाभ्यास पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 07 से 11 अक्टूबर तक विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष का थीम यह कार्य स्थल में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय है। अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. रेणुका गाहिने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया व अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी, डीपीएम नीलू घृतलहरे के आदेशानुसार एवं एनएमएचपी नोड़ल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद के लाईवलीवुड कॉलेज बरोंडा बाजार में





एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं को मानसिक तनाव को दूर करने के लिए तनाव प्रबंधन एवं योगाभ्यास पर कार्यशाला का आयोजन खेल के माध्यम से किया गया।

इसी तरह मंगलवार को प्रथम पाली में बाल संप्रेक्षण गृह के 27 बालक एवं द्वितीय पाली में आशियाना वृद्ध आश्रम नयापारा में 23 वृद्धजन को मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। नशे को रोकने के लिए उपाय बताए गए एवं जीवन कौशल विकास के तहत बैलून के माध्यम से गेम कराया गया व आपसी सामंजस्य से रहने की सलाह दिया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुलकर बात करने, बिना डर के निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

मानसिक रोग किसी को भी हो सकता है इसके बारे में बताया गया। उनके कार्यस्थल पर होने वाले तनाव से निपटने की जानकारी दिया गया साथ ही टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 के बारे में जानकारी दिया गया। मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित किसी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर बिना किसी देरी के नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या मनोचिकित्सा विभाग में जाकर परामर्श लेने कहा। कार्यशाला में सायकोलॉजिस्ट टिकेश्वरी गिरि गोस्वामी, सायकेट्रिक सोशल वर्कर रामगोपाल खुंटे, कम्यूनिटी नर्स जागृति साहू, मॉनिटरिंग ऑफिसर टेकलाल नायक, केस रजिस्ट्री असिस्टेंट गौतम यादव एवं योग मास्टर देवकुमार डड़सेना उपस्थित थे।

## नवरात्र की पंचमी पर श्रद्धालुओं में दिखी आस्था



**महासमुंद।** वार्ड 11 नयापारा निवासी सोनिया विनोद युगर ने नवरात्रि के पंचमी के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति मन्नत मांगने नयापारा से महामाया मंदिर गई।



**महासमुंद।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर खैराभाठा में मां काली की वेशभूषा में निकली युवती को देखने श्रद्धालुओं की भीड़ लगी।



ग्राम कनेकेरा में विराजित मां दुर्गा

## समावेशी गतिविधियों एवं साइटसेवर्स इंडिया ने संचालित परियोजना का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समावेशी शिक्षा अंतर्गत मंगलवार को राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, रायपुर से सीमा गौरहा, सहायक संचालक (समावेशी शिक्षा), साइटसेवर्स इंडिया से तकनीकी निदेशक अर्चना भंबल, राज्य तकनीकी सलाहकार करन सिंह सिसोदिया द्वारा समावेशी गतिविधियों एवं साइटसेवर्स इंडिया द्वारा संचालित परियोजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सहायक कार्यक्रम समन्वयक (समावेशी शिक्षा) देव नारायण जांगड़े द्वारा जिले में समावेशी शिक्षा की सक्रियता और विभिन्न प्रयासों से दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने संबंधी विचार रखें। कार्यालय में साइटसेवर्स इंडिया द्वारा स्थापित संसाधन कक्ष के अंतर्गत पूर्ण दृष्टिबाधित एवं अल्पदृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा में उपयोग होने वाले उपकरणों की समस्त जानकारी मुकेश निषाद एवं महावीर सेन द्वारा दी गई। एफएलएन के सहायक कार्यक्रम समन्वयक संपा बोस द्वारा हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा अधिकारियों द्वारा प्रोग्रेस कार्ड को दिव्यांग बच्चों की क्षमता अनुरूप अधिगम लक्ष्यों को रूपांतरित करने के निर्देश दिए। बीआरसी कार्यालय विजिट के दौरान प्रशस्त एप एवं दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा की। कार्यालय में उपस्थित बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर द्वारा सीमा गौरहा के समक्ष क्षेत्र में आ रही समस्याओं को रखा गया तथा संबंधित अधिकारी द्वारा निवारण हेतु आश्वस्त भी किया गया। इसी के साथ साइटसेवर्स इंडिया द्वारा आयोजित किए जाने वाले ब्रेल प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें दृष्टिबाधित बच्चों की विभिन्न शैक्षणिक तथा आईसीटी उपकरणों ब्रेल, डेजी प्लेयर, स्मार्टफोन, लैपटॉप इत्यादि पर दक्षता का भी मूल्यांकन किया गया। सभी अधिकारियों द्वारा साइटसेवर्स इंडिया द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की गई। जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर द्वारा बच्चों को शासन द्वारा मिलने वाली समस्त सुविधाओं, भत्तों, छात्रवृति की विस्तृत जानकारी उपस्थित सभी पालकों को दी गई।

# पूर्व विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




बुधवार को भारत माता वाहिनी और ग्राम पंचायत पासिद के लोगों ने पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा से उनके निवास कार्यालय में मुलाकात कर अपनी-अपनी समस्या बताई। भारत माता वाहिनी के सदस्यों ने बताया कि भारत माता वाहिनी, नशे के ख़िलाफ़ जागरुकता फैलाने और लोगों को नशे से दूर रखने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की एक योजना है, इस योजना के तहत सदस्यों द्वारा लोगों को व्यसन मुक्त कराने का कार्य किया जाता है। परंतु, न तो उन्हे कोई मानदेय दिया जाता है और न ही शासन या प्रशासन से कोई संरक्षण उन्हें मिल पाता है। लोगों ने डॉ. चोपड़ा से अनुरोध किया और भाजपा सरकार से मांग किया कि सरकार उन्हें मानदेय प्रदान करें तथा शासन और प्रशासन का संरक्षण उनको मिले। ग्राम पंचायत पासिद, मुड़ियाडीह के सरपंच लाला निषाद और ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पासिद के आश्रित ग्राम मुड़ियाडीह को जाने वाला मुख्य रास्ता कांग्रेस सरकार के समय में रेत माफियाओं द्वारा अवैध रेत दोहन करने के कारण पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सड़क में ढाई-ढाई तीन-तीन फीट के गड्ढे बन गए हैं। लोगों को आने जानें में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बच्चों को विद्यालय जाने में तकलीफ़ होती है। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में परेशानी होती है। पूर्व विधायक डॉ. चोपड़ा ने इनकी समस्याओं को सुनने के बाद महासमुंद कलेक्टर लंगेह से मिलकर समस्याओं के संबंध में चर्चा की। जिस पर कलेक्टर लंगेह ने ग्रामीणों व वाहिनी सदस्यों की समस्याओं का जल्द निराकरण का आश्वासन दिया।

### एसडीएम कार्यालय परिसर में सुनी लोगों की समस्याएं

इसी तरह राजस्व विभाग की समस्याओं के निराकरण के लिए पीड़ित किसानों और ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय परिसर में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा से मिलकर अपनी समस्याएं सुनाई। लोगों ने कहा कि भ्रष्ट कांग्रेस सरकार में तो उनके प्रकरणों का निराकरण न हो सका, परंतु अब भाजपा सरकार में तो समस्याओं का निराकरण हो। लोगों ने आगे कहा कि समस्याओं का निराकरण न हुआ तो वह फिर अनशन पर बैठेंगे। डॉ. चोपड़ा ने लोगों की समस्याएं सुनने के पश्चात एसडीएम पैकरा से मिलकर चर्चा की और पुराने प्रकरणों के निराकरण संबंधी समस्याओं की समीक्षा की तथा पूर्व पीठासीन अधिकारी के बचे हुए सभी प्रकरणों की जांच कर जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार के समय से चलते आ रहे लोगों के प्रकरण अभी तक लंबित पड़े हुए हैं, पर अब तक लंबित पड़े प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है तो भाजपा समर्थकों की उम्मीद टूटती जा रही है। लोगों को ढांढस बंधाते हुए डॉ. चोपड़ा ने कहा कि सभी प्रकरणों का निराकरण जल्द से जल्द किया जाएगा। मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री से मिलकर अधिकारियों की शिकायत कर अपनी समस्याओं को अवगत कराया जाएगा तथा निराकरण के लिए अनुरोध किया जाएगा।

## आयोजन : विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया

# गरबा के समापन सत्र में जमकर थिरके पार्टिसिपेंट्स एवं भक्ति गीतों पर युवतियों ने डांडिया में मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर नगर के हाई स्कूल मैदान में क्षितिज चोपड़ा ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय गरबा नाइट उत्सव का 8 अक्टूबर को समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर रहे। आयोजित गरबा महोत्सव में महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा नृत्य करते हुए नजर आई। महिलाओं को गरबा नृत्य करते हुए देख कलेक्टर साहब ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय लोक नृत्य 'गरबा में महिलाओं को शामिल होने के लिए कोई प्रतिबंध नही होता। नवरात्रि के दौरान वे गरबा आयोजनों में बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ शामिल होते हैं।अपनी परंपरा का आनंद लेते ही हैं, गरबा नृत्य देख नाचने को आतुर हो उठते हैं। गरबा के रंग समेटे हुए पूरा नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है।





तीन दिनों तक चले गरबा उत्सव के अंतिम दिन भारी भीड़ यहां पहुंची। रात साढ़े आठ बजे से भक्ति के उल्लास का पर्व यानी गरबा शुरू होकर देर रात तक चला।गरबा नृत्य के जरिए देवी की आराधना की गई। फिर जगमगाते रोशनी में डीजे साउंड पर जमकर थिरके। उल्लासपूर्ण गीतों पर आकर्षक परिधानों में महिलाओं युवतियां एवं बच्चों का उत्साह दिखा।आरती के बाद जैसे ही गरबे का दौर शुरू हुआ, पहले राउंड में सर्कल में गरबा प्रेमी थिरक उठे। पार्टिसिपेंट्स अलग-अलग थीम में नजर आए। पार्टिसिपेंट्स ने बॉलीवुड मिक्स सॉन्ग्स पर गरबा किया। मंच पर कलेक्टर के साथ समिति के संरक्षक निखिल सिंह राठौर,दीपेश चोपड़ा,सचिन दुबे,मोहन हरद्वानी,प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय साहू,कमलेश गावड़े,मनीष साहू,संजू हरद्वानी,भीखम आरदे, गजानन्द डडसेना, राकेश रमानी,वरुण खपर्डे,नीतीश मेहता, डाली गौतम, अंनत गोपाल कोठारी,आदित्य गोलानी,अभिनव श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित रहे।




### प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

अंत में विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। लगातार तीन दिनों तक समूह की प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिसमे पीला रंग में,नंदिनी साहू ,कशिश सचदेव,गीतांजलि वैशाली सेबल,गुलाबी,रेखा नवलानी,अंजू हरद्वानी,हिमांशी साहू,जिया समानानी। नीला में रैना हरदवानी,महक सचदेव ,अपराजिता दुबे,नारंगी में नीलिमा सिन्हा,हिमांशी सोनी,काजल। वहीं 120 बच्चे जिन्होंने प्रैक्टिस मे हिस्सा लिया था उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। तथा 50 छोटे बच्चों को गिफ्ट दिया गया।समिति की ओर से कलेक्टर साहब को स्मृति चिन्ह भेंट अध्यक्ष सचिन दुबे द्वारा किया गया।कलेक्टर साहब की धर्म पत्नी पल्ली मैडम भी कार्यक्रम में शामिल हुई।

# लिलेझर में आज मां कालरात्रि की स्वरूप की विशेष पूजा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



लिलेझर गाँव स्थित शिव शक्ति सांई धाम में पिछले 20 वर्षों से नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा के सातवें रूप मां कालरात्रि की विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया जाता रहा है। यह पूजा हर वर्ष शिव शक्ति सांई धाम के संरक्षक जितेंद्र यादव बाबा की देखरेख में आयोजित की जाती है। इस पावन परंपरा के तहत देवी कालरात्रि की प्रतिमा की स्थापना की जाती है और पूरे विधि-विधान से मां की आराधना की जाती है।

शिव शक्ति सांई धाम में देवी कामाख्या काली के रूप में प्रतिवर्ष दस माह तक मां दुर्गा की पूजा अर्चना होती है। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालु और भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। जितेंद्र यादव बाबा ने बताया कि यह परंपरा पिछले 20 सालों से निरंतर चली आ रही है और हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। मंदिर के परिसर में शिव शक्ति सांई धाम मंदिर का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। इस मंदिर में मां काली और सांई नाथ की प्रतिमा के साथ-साथ भगवान शिव के शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। स्थानीय श्रद्धालु इस आयोजन को लेकर काफी उत्साहित हैं और बड़ी श्रद्धा के साथ हर वर्ष इस पर्व में सम्मिलित होते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि लोगों में एकता और समर्पण की भावना को भी बढ़ावा देता है। शिव शक्ति सांई धाम का यह आयोजन नवरात्रि के दौरान विशेष आकर्षण का केंद्र बनता है, जहाँ भक्तगण मां कालरात्रि की कृपा प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से आते हैं।

# दूब, नींबू या पीपल का दो बूंद पीकर नवरात्रि में सीने पर ज्योति कलश रखकर मां की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर में एक युवक द्वारा मां के प्रति अटूट आस्था का स्वरूप देखने को मिल रहा है। अठारह वर्षीय एक युवक द्वारा ईश्वर साहू द्वारा आयोजित पूजा पंडाल में अपने सीने के ऊपर ज्योति कलश रख मां का अनुष्ठान कर रहा है। उसकी धैर्य और मां भगवती के प्रति भक्ति को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शारदीय नवरात्र का महापर्व चल रहा है और सभी जगह भक्तिमय से डूबा हुआ है. नवरात्र में भक्तो के द्वारा अलग अलग तरीके से अपनी मान्यता अनुसार मां को प्रसन्न करने दूर दराज से माता रानी के दरबार पहुंच पूजा अर्चना कर खुशहाल जीवन की कामना कर रहे हैं। भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 01 में स्थित रंगमंच के पास वार्ड समिति एवं योगाचार्य ईश्वर प्रसाद साहू द्वारा पूजा पंडाल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को उसका सातवें दिन है। नवरात्रि के इस पूरे नौ दिनों तक इसी अवस्था में लेटे ज्योति कलश को अपने सीने पर रखेंगे।खाना-पीना कुछ नहीं कर रहा है। हलक सूखने पर दो बूंद दुबी एवं नींबू का रस या पीपल पत्र रस दिया रहा है। उसकी इस आस्था को देखने के लिए भक्तों के आने-जाने का क्रम लगा हुआ है।

## साधक युवक ईश्वर प्रसाद साहू की कठोर साधना बना चर्चा का विषय



### अलौकिक आनंद

नवरात्र में प्रतिदिन आशीर्वाद प्रदान किया जाता है पंचमी और अष्टमी विशेष दिवस होता है जिसमे अपार श्रद्धालु जनों की भीड़ होती है। यहां सांसारिक समस्याओं के समाधान के साथ आध्यात्मिक प्रगति हेतु अनेक प्रकार के साधना का भी मार्ग प्रशस्त किया जाता है जिससे व्यक्ति अपने आराध्य का कृपा प्राप्त कर अपने आराध्य का साक्षत्कार कर पाने में भी सक्षम होता है। जिससे अलौकिक आत्मिक सुख और शांति की अनुभूति करता है सच्चे दिल से यहां आने वाले सभी लोगों को आत्मिक सुख की शांति की प्राप्ति होती है।

## खबर संक्षेप

### किसान संघ की जिला बैठक आज

**महासमुंद।** भारतीय किसान संघ जिले टीम की बैठक 10 अक्टूबर 02 बजे देव संस्कृति स्कूल में आहूत की गई है। जिसमें जिला कार्यकारिणी, ब्लाक से अध्यक्ष, मंत्री या सहमंत्री की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में जिला गठन में छूटे प्रभार पूर्ण करना, प्रांत स्तरीय सम्मेलन में जाने संबंधी, रसीद बुक जमा करना एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी धनंजय साहू जिला मंत्री एवं कुबेर गिरि गोस्वामी जिला अध्यक्ष भाकिसं ने दी है।

### थल सेना के बारे में दी गई जानकारी

**महासमुंद।** स्थानीय फारेस्ट ग्राउंड में अग्निवीर प्रशिक्षण के बच्चों को भारतीय थल सेना दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान शहीद स्मारक खरोरा के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप नेवी सैनिक, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, पूर्व सैनिक केएल सोनी, कनक राम निषाद, प्रदीप चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### मीरा शर्मा का निधन



**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी नदी चौक निवासी मीरा शर्मा (90) का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महानदी घाट में किया गया। वे सुरेश, सुनील शर्मा की माता, तेजेंद्र, विजेंद्र, जय, हितेश की दादी थीं।

### नर्सिंग प्रवेश, एक के पीछे दस का नियम, मिला चार सीट पर एक कैंडिडेट

**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 50 फीसदी न्यूनतम अंक वाले उम्मीदवारों का टोटा नजर आ रहा है। बीएससी प्रवेश के स्ट्रे राउंड के लिए 4904 सीटे खाली हैं, जिसके लिए सूची में 1292 उम्मीदवार हैं और सूची के आधार पर 10 अक्टूबर तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार मॉपअप राउंड के बाद रिक्त सीटों में भर्ती के लिए एक सीट के पीछे दस उम्मीदवार प्रावीण्य सूची के अनुसार दिया जाना होता है। बीएससी में एडमिशन के लिए अभी पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक का नियम लागू है और उपलब्ध सूची में नाम के अनुसार चार सीटों के पीछे एक उम्मीदवार मिल रहे हैं। राज्य में बीएससी की 7631 सीट है, जिसमें से 2717 में प्रवेश हो पाया है। अगले दो दिन में कुछ और एडमिशन होने का अनुमान है।

### परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में करें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने एक बैठक ली। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रियाएं चुनाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती हैं, जिससे समय पर और निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। नगर पालिकाओं में स्थानों के आरक्षण में वर्तमान स्थिति के साथ नगरीय निकायों राजनांदगांव, कवर्धा, कुम्हारी, बेमेतरा और तखतपुर में न्यायालय के स्थगन होने के कारण परिसीमन की जानकारी अप्राप्त होने पर चर्चा की गई। चुनाव तैयारियों पर चर्चा बैठक में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन तथा भविष्य में होने वाले उप निर्वाचन के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों हेतु किराये का दर के निर्धारण, निर्वाचन में नियुक्त प्रेक्षकों के मानदेय, आगामी आम एवं उप निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचन संचालन हेतु नियोजित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जाने वाले मानदेय दरे तथा वाहन किराये पर लेने हेतु वित्त विभाग की पूर्वानुमति से संबंधित भेजे गये प्रस्तावों जैसे अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

सुधार के लिए उठाएंगे कदम

बैठक में चुनाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।

# हैंडपंप परिसर में पसरी गंदगी ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



जनपद पंचायत बागबाहरा के सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम पंचायत खट्टी के वार्ड नंबर 4 और 5 की महिलाओं ने बताया कि लगभग पचास घरों के लोग इसी हैंडपंप के पानी से खाना पीना के आलावा प्यास भी बुझाते है। मगर हैंडपंप के पास गंदगी के अलावा घास भूस चरोटा उग गए है और तो और घुटनेभर गंदा पानी में घुसकर हैंडपंप चलाना पड़ता है। हैंडपंप परिसर में गंदगी पसर गई है। दूषित पानी से वार्डवासियों के सेहत पर असर पड़ सकता है। महिलाओं में पंचायत प्रतिनिधि सरपंच व वार्ड पंच के प्रति नाराजगी जाहिर की है। पानी भर रही महिला बेदबाई संतराबाई ने कहा कि यहां सफाई नहीं कराने से हैंडपंप के चबूतरा में घुटने भर गंदा पानी जाम हो गया है। जहां पीने के लिए पानी भरने विवश है। मोतीलाल, बिशेसर, जगदीश दुबे, मीना बाई, हरेलिया बाई, रामलाल कौशिक तांडी, धनेश्वरी दुबे, लखन कुर्रे, देवदास कुर्रे, गंजराज ठाकुर, देवसिंह रात्रे आदि ने हैंडपंप परिसर को सफाई करने की मांग की है।


# राज्य शालेय शतरंज प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** राजनांदगांव के सेजेस स्कूल में आयोजित 24वीं शालेय राज्य शतरंज चयन स्पर्धा में प्रदेश के सभी पांचों संभाग से 150 खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु समूहों की शतरंज शतरंज स्पर्धा में भाग लिया। अंडर-17 व अंडर-19 आयु समूह के बालक वर्ग के कोच हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर संभाग से 30 खिलाड़ियों ने सहभागिता की थी। जिसमें से 9 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में तनिषा ड्रोलिया, शुभांकर बामलिया,आदिति आदित्य, अंशिका मिंज, आराध्य तिवारी, अदम्य साहू, देवांश जैन, अहिलान रॉय, विवान रॉय का नाम शामिल है। हेमंत ने आगे बताया कि कि व्यक्तिगत खेल के अलावा टीम चैंपियनशिप में भी रायपुर संभाग का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। बालिका अंडर-14 में तृतीय, बालक वर्ग अंडर -14 में द्वितीय, बालिका अंडर -17 में तृतीय, बालक अंडर-17 में द्वितीय। इसी तरह से बालिका अंडर -19 में द्वितीय व बालक अंडर -19 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रायपुर संभाग का मान खिलाड़ियों ने बनाया। इस राज्य चयन स्पर्धा में दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा व बस्तर संभाग से खिलाड़ियों ने शिरकत किया था। रायपुर संभाग की टीम के साथ बतौर कोच हेमंत खुटे, प्रदीप दक्षिणी, मैनेजर अखिलेश कर व दल प्रबंधक के रूप में पीतांबर पटेल शामिल हुए रहे।






बोइरगांव (कोमाखान)। युवा दुर्गा उत्सव समिति मारुति चौक सिवनी कला।



सूर्योदय दुर्गा उत्सव समिति भाटापारा बाजार चौक बेलसोंडा



जय महामाया चौक ग्राम जलकी

# कालेज में हिंदी साहित्य परिषद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में हिंदी विभाग के बेहतर संचालन, विकास एवं छात्र-छात्राओं में अकादमिक कौशल तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने व विभागीय कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित कर जागरूकता लाने के लिए प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में हिंदी साहित्य परिषद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर एवं राज्य गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। पदाधिकारियों में अध्यक्ष-दीपक भोई एमए तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष-रीता पटेल-एमएप्रथम सेमेस्टर, सचिव-नीता साहू बीए भाग तीन, सह सचिव-रीना साव-बीए भाग-दो, कोषाध्यक्ष-प्रेमलाल साहू-एमए तृतीय सेमेस्टर एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रेमसुंदर पटेल, प्रियंका भोई-एमए तृतीय सेमेस्टर, बिशीराम रात्रे, चंद्रिका सिदार एमए प्रथम सेमेस्टर,अरमान प्रधान, उजाला स्वाईं बीए भाग-तीन, यश तिवारी, जसमीता स्वाईं-बीए भाग-दो, अविनाश दास एवं अंजलि नायक बीए प्रथम सेमेस्टर का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई उपस्थित रहे। उनके द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई द्वारा हिंदी साहित्य परिषद के उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

उन्होंने हिंदी साहित्य परिषद द्वारा किए जाने वाले क्रियाकलापों, गतिविधियों तथा हिंदी साहित्य के अंतर्गत प्राप्त होने वाले रोजगार के अवसर के बारे में जानकारी प्रदान किया। वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रिका चौधरी ने मनोनीत पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए शुभकामनाएं दी तथा आगामी दिनों में परिषद के द्वारा किए जाने वाले विविध साहित्यिक गतिविधियों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आरती साहू एवं अनिल कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गुड़ेलाभाठा में महिलाओं को दी गई कानूनी जानकारी

**महासमुंद।** जिले में विधिक जागरुकता विषयों पर आधारित तथा विशेष कानूनी थीम पर अधारित जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायाधीशों द्वारा ग्रामों, ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों तथा विभिन्न विद्यालय महाविद्यालय में जाकर विधिक जागरूकता पर आधारित शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा जनपद क्षेत्र के सूदूर अंचल के ग्राम गुड़ेलाभाठा सामुदायिक भवन पहुंचकर कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित गांव के हेमिन बाई और चंपा ठाकुर द्वारा बड़े ही उत्सुकता से कानून के बारे में पूछताछ करने लगे, जिससे कानून के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होने लगे, जिस संबंध में सचिव चंद्रा द्वारा बड़े सरल एवं सहजतापूर्ण सामान्य भाषा में कानून के सामान्य पहलुओं पर अवगत कराया गया। जागरुकता कार्यक्रम महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराध, यौन उत्पीड़न, घरेलु हिंसा, टोनही प्रताड़ना अधिनियम तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं दिए जाने वाली विधिक सहायता तथा सलाह के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा सचिव चंद्रा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर एवं समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाए प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया गया। जिसके तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है।



# राज्य स्तरीय योगा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ी भिलाई रवाना

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 5वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर बालक एवं बालिका योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 9 से 11 अक्टूबर तक मनसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन कोहका रोड़ कुरूद, भिलाई जिला दुर्ग में आयोजित किया गया है। जिले के खिलाड़ियों में पाखी साहू पिता ओमप्रकाश साहू झारा, झरना कुर्रे पिता पन्ना लाल कुर्रे खल्लारी, यश कुमार कुर्रे पिता गणेश राम कुर्रे खल्लारी, भामिनी साहू पिता चंद्रप्रकाश साहू, भरत साहू पिता चंद्रप्रकाश साहू गांजर निवासी एवं टीम के मैनेजर चमन साहू, पुरूष प्रशिक्षक देवेंद्र दीवान, महिला प्रशिक्षक रेणुका दीप शामिल हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने टीम सुबह रवाना हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष व अध्यक्ष जिला योगासन संघ लक्ष्मण पटेल, सचिव गणेश राम कोसरे, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज घृतलहरे, सत्यनारायण दुर्गा व सीनियर खिलाड़ियों ने हर्ष जताया।

### यादव समाज के धरना-प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंची विधायक चातुरी

**सरायपाली।** सर्व यादव समाज के धरना-प्रदर्शन को समर्थन देने विधायक चातुरी नंद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, विकास कार्यों में रोड़ा अटकाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान सरायपाली में कई समाज के सामाजिक भवनों के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। परंतु, कई जगह निर्माण कार्यों में रोड़ा अटकाया जा रहा है तो कई जगह स्थल परिवर्तन किया जा रहा है, जिससे समाज के लोगों में शासन प्रशासन की कार्यशैली से भारी नाराजगी है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और भाजपा नेताओं पर भूफियाओं को संरक्षण देकर जमीन का अफरा तफरी का सनसनीखेज आरोप भी लगाया। विदित हो कि सर्व यादव समाज द्वारा सामाजिक भवन निर्माण को पूर्ण नहीं करने का आरोप लगाते हुए कई महीनों से ज्ञापन सौंपा जा रहा है तथा अधिकारियों से लिखित शिकायत भी किया गया है। परंतु, कोई कार्रवाई नहीं होने से धरना देना पड़ रहा है।

# हरियाणा में भाजपा की जीत मोदी के बेहतर नीति का परिणामः भाऊराम



**महासमुंद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेहतर रणनीति का परिणाम बताया है। साहू ने कहा कि हरियाणा की जनता ने एक नया अध्याय लिख दिया है। यह पहली बार हुआ है कि हरियाणा में कोई भी राजनीतिक दल लगातार तीसरी बार अपनी सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में जिस तरह जनता ने अपना निर्णय सुनाया है और भाजपा के ऊपर विश्वास जताया है, इससे साफ पता चल रहा कि आने वाले समय में जब झारखंड प्रदेश का चुनाव होगा तो पूरे झारखंड प्रदेश की जनता भाजपा पर विश्वास जताएगी। साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के लोग भाजपा के कामों से परिचित हो चुके हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की जो गारंटी है यह देशवासियों को पसंद आ रहा है। दो महीना बाद झारखंड प्रदेश में भी चुनाव होने वाला है। नरेंद्र मोदी की गारंटी को यहां के मूलवासी, आदिवासी और स्थानीय लोगों को भी पसंद आएगा। साहू ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन को भी संतोषजनक बताते हुए कहा कि यहां 29 सीटों के साथ भाजपा दूसरे नंबर पर रही। जम्मू कश्मीर का परिणाम बीजेपी संगठन के लिए बड़ी सफलता है। 2014 में हुए चुनाव में भाजपा ने जम्मू कश्मीर में 25 सीटें जीती थीं, जो इस दफे बढ़कर 29 रही।

# आवास मेला आज, जिले के प्रभारी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल 10 अक्तूबर गुरुवार को महासमुंद जिले के पटेवा में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास मेला में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। हितग्राहियों को स्वीकृत आवास पत्र एवं पूर्ण हुए आवास की चाबीं सौपेंगे। जिले में आवास योजना के लिए वातावरण निर्मित किए जाने के लिए कार्यक्रम पटेवा के स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल मैदान में आयोजित है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु स्थायी प्रतीक्षा सूची में शेष कुल पात्र परिवारों में 21331 परिवारों का पंजीयन एवं स्वीकृति पूर्ण किया जा चुका है, जिसमें से 19988 परिवारों को प्रथम किस्त की राशि 120000 रुपए के मान से कुल 79.952 करोड़ जारी कर दी गई है। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला महासमुंद में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना-2011 के आधार पर ग्राम सभा अनुमोदन उपरांत वर्ष 2016-24 तक कुल 73266 आवासों की स्वीकृति किया गया है। जिसमें से 69737 (95.18 प्रतिशत) आवास पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत मनरेगा के माध्यम से 90 मानव दिवस की मजदूरी भी प्रदाय किया जाता है।

### प्रभारी मंत्री आज आवास मेला में होंगे शामिल



**महासमुंद।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल का 10 अक्टूबर को जिले के प्रवास पर होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री बघेल दोपहर 12:45 बजे पटेवा पहुंचेंगे और स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय आवास मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री बघेल दोपहर 2 बजे वापसी के लिए रवाना होंगे।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत मोहनमुंडा में हुआ कार्यक्रम



**सरायपाली।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक कार्यक्रम के तहत मोहनमुंडा में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास की सुपरवाइजर वर्षा अग्रवाल ने महिला बाल विकास सभापति जयंती पटेल की उपस्थिति में बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मूल उद्देश्य लैंगिक भेदभाव महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्व, स्त्रियों का परिवार समाज व राष्ट्र निर्माण महत्त्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में महिला बाल विकास सभापति जयंती पटेल मुख्य अतिथि रही। गांव के सरपंच कमल प्रसाद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुसूया प्रभावती और समस्त केदुवा सेक्टर के कार्यकर्ता एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहे।

## तुमगांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन




**महासमुंद।** कन्या उच्च प्राथमिक शाला तुमगांव में शिक्षक ज्ञानी चंद्राकर द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को खीर, पूड़ी, गरम नाश्ता, मिष्ठान्न के साथ चावल, दाल, सब्जी भी परोसा गया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य तथा संकुल समन्वयक तथा समस्त शिक्षक रेखा साहू, कृष्ण कुमार चंद्राकर, अनामिका साहू, दिलेश्वरी साहू भी उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी संस्था प्रमुख कुबेर साहू ने दी है।
















## सरायपाली नगर में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाएं

**सरायपाली।** नगर में भव्य पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा, मां राज राजेश्वरी दुर्गा समीति पुराना नगर पालिका, मां कामाख्या देवी सेवा समिति गांधी चौक बाजार पारा, आदर्श मैत्री मंडल दुर्गा उत्सव समिति उड़िया पारा, सार्वजनिक दुर्गा समीति जय स्तंभ चौक, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति महलपारा चौक, मां मनसा देवी सेवा समिति ब्लाक कालोनी, मां कात्यायनी देवी( दास महाराज) बस स्टैंड सरायपाली।

## खबर संक्षेप

### छपोराडीह में दशहरा महोत्सव 12 को

**बिरकोनी।** ग्राम छपोराडीह (सिरपुर) में आकर्षक आतिशबाजी के साथ दशहरा महोत्सव 12 अक्टूबर शनिवार को मनाया जाएगा। शाम 5 बजे राम लीला मंचन किया जाएगा। रात 8 बजे धार्मिक अनुष्ठान के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। बाद आकर्षक आतिशबाजी के साथ 35 फीट रावण का दहन किया जाएगा। रात्रिकालीन 10 बजे आकर्षक छत्तीसगढ़ लोक सांस्कृतिक संस्था सुर ंगा कटघोरा की प्रस्तुति होंगी।

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 30 तक

**महासमुंद।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली से प्राप्त सूचना के अनुसार सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। जिसकी अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 है। जिले के शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र 9वी एवं 10वी में अध्ययनरत छात्र 11वीं के लिए ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

### अमलोर में जनसमस्या निवारण शिविर 14 को

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सोमवार 14 अक्टूबर को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलोर के शासकीय हाईस्कूल में किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और सरकारी योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचाना है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराएं और उनकी शिकायतों का समय पर निवारण सुनिश्चित करें।

### कोकड़ी में गुरु घासीदास गद्दी पूजा कार्यक्रम आज से

**पटेवा।** ग्राम कोकड़ी में 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक 3 दिवसीय संत शिरोमणि गुरु घासीदास गद्दी पूजा संत मिलन पर्व का आयोजन समस्त सतनामी समाज रखा गया है। यहां प्रतिदिन मंगल आरती, सतनाम मंगल भजन, गुरुवाणी गायन, संत समागम, सामाजिक परिचर्चा, संत प्रसादी व्यवस्था इत्यादि कार्यक्रम होंगे। समस्त कार्यक्रम पंडित भाऊ दास मंगेश खैरा संदी द्वारा संपन्न होगी। भजन कीर्तन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 500-500 रुपए नगद दिए जाएंगे।

### बैठक: दलहन-तिलहन एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर

# कलेक्टर ने की कृषि से जुड़े सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- किसानों की आर्थिक स्थिति और बेहतर बनाने के लिए धान के साथ-साथ अन्य व्यवसायिक फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाए : कलेक्टर



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में कृषि से जुड़े सभी संबंधित विभागों के कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को लाभान्वित करना और उनकी स्थिति को मजबूत बनाना प्राथमिकता में शामिल है। जिले में किसानों की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए धान के साथ-साथ अन्य व्यवसायिक फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा दलहन और तिलहन की फसलों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। किसानों को इसका लाभ सुनिश्चित कर दलहन और तिलहन की खेती के लिए उन्हें प्रेरित करें। कलेक्टर लंगेह ने किसानों को दलहन-तिलहन एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा सिंचित क्षेत्रों में गेहूं की खेती को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने कहा कि हम सबकी यह कोशिश होनी चाहिए कि किसान ऐसी फसलें उत्पादित करें जिसकी बाज़ार में मांग हो, इससे किसानों को फायदा होगा। कलेक्टर ने कृषि एवं समवर्गीय विभाग के मैदानी अमले द्वारा जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा के दौरान रबी सीजन में बीज और उर्वरक के वितरण के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समितियों के माध्यम से किसानों को कृषि ऋण दिलाएं और किसानों को अधिक से अधिक इस योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में सभी किसानों ई-केवाईसी करने, केसीसी पंजीयन, फसल बीमा पंजीयन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने आरईओ सहित कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले के किसान को जागरूक कर फसल बीमा कराने एवं उन्नत फसल उत्पादन करने कहा है। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जिले में पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पशु टीकाकरण कार्यक्रम और पशु आहार वितरण योजनाएं सफलतापूर्वक चल रही हैं। साथ ही, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग ने भी अपने विभाग से संबंधित जानकारी दी। बैठक में कृषि सहित जुड़े विभिन्न विभागों उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# 'ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने झलप, पटेवा और खट्टी में बनेगा महतारी सदन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। इसके अंतर्गत महासमुंद विधानसभा के ग्राम झलप, पटेवा और खट्टी में महतारी सदन बनाया जाएगा। इसके लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले के 9 गांव को शामिल किया गया है। इसमें हमारे महासमुंद विधानसभा के तीन गांव झलप, पटेवा और खट्टी भी शामिल है। इसके लिए स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि नए भारत के विकास में महिलाओं की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हॉल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमें बॉउंड्रीवाल भी बनाए जाएंगे। इस प्रकार महिलाओं के लिए एक ऐसा वातावरण तैयार किया जाएगा, जिसकी सहायता से वे अपना स्वयं का रोजगार कर सकती हैं।

### मेंटल ओपीडी शिविर आज

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय के स्पर्श क्लीनिक में प्रति सप्ताह दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक मेंटल ओपीडी शिविर आयोजित किया जाता है। परंतु, शुक्रवार और शनिवार अवकाश होने की वजह से गुरुवार 10 अक्टूबर 2024 विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के दिन समय 1 बजे से 4 बजे तक मेंटल ओपीडी शिविर आयोजित किया जाएगा।



### सुआ नृत्य कार्यक्रम में पहुंचे तुषार

**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी में दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में सुआ नृत्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ राज्य का एक प्रमुख नृत्य है, जो कि समूह में किया जाता है। स्त्री मन की भावना, उनके सुख-दुख की अभिव्यक्ति और उनके अंगों का लावण्य सुआ नृत्य या सुवना में देखने को मिलता है।

# हितग्राहियों से समस्याओं को लेकर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाजसेवी संस्था प्रयोग द्वारा बागबाहरा जनपद पंचायत में वंचित समुदाय एवं हितधारकों के मध्य इंटरफेस संवाद का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें 14 गांवों से लगभग 90 लोग शामिल हुए, जो विभिन्न योजनाओं से संबंधित अपनी समस्याओं के संबंध में चर्चा करने एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने उपस्थित रहे। जनपद पंचायत बागबाहरा से फकीरचरण पटेल (सीइओ), कैलाश सीका, एकल देव निषाद, आशीष दीवान (एमआईएस), मानसिंह बरिहा, प्रीति पांडे, केजूराम ठाकुर, जीआर बरिहा, कृष्णा प्रजापति (श्रम विभाग), ओम प्रकाश धीवर उपस्थित थे, जो विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जॉब कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन, पीएम आवास योजना आदि से संबंधित अपने रुके हुए आवेदन से संबंधित चर्चा की। विभागीय अधिकारियों द्वारा उचित मार्गदर्शन एवं अपने ओर से पात्र लोगों को लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से भरत भूषण ठाकुर (परियोजना समन्वयक), हनुमंत नाग, पूरब धुरंधर, सुमन साहू, देवांतिंन ठाकुर, पूरन सोनवानी, लीना सोनी आदि उपस्थित रहे।

# कॉलेज में नशामुक्त भारत पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा प्राचार्य प्रो डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन व डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय समाज कल्याण शाखा के निर्देशानुसार मद्यपान निषेध सप्ताह के अंतर्गत नशामुक्त भारत विषय पर पोस्टर, नारा लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला संगठक रासेयो डॉ. मालती तिवारी, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी रासेयो अजय कुमार राजा एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो राजेश्वरी सोनी, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र मंचस्थ रहे। डॉ. मालती तिवारी ने नशामुक्त भारत के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया कि नशामुक्त भारत अभियान का उद्देश्य आम जनता तक नशा से होने वाले कुप्रभाव को पहुंचना और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मादक द्रव्यों के सेवन के बारे में जागरूकता फैलाना है। अजय कुमार राजा ने कहा कि महात्मा गाँधी ने मद्यनिषेध का ऐसा सरल मंत्र दिया, जिससे नए भारत का निर्माण हो सके। सुख और समृद्धि के लिए मद्यनिषेध का प्रचार घर -घर तक पहुंच सके। राजेश्वरी सोनी ने पाश्चात्य पहनावा, शराब, सिगरेट पीने से कोई समाज आधुनिक नहीं होता है। आधुनिक होने से तात्पर्य हमारे समाज की भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक मूल्य, राजनैतिक नीतिया, आदेशों, रीति रिवाजों के अनुसार ऐसे नवीन परिवर्तित विचारों से है, जिनसे हमारा समाज उन्नति करें। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीतम पटेल, द्वितीय नेहा शर्मा एवं तृतीय वासुदेव साहू रहे। नारा लेखन में प्रथम दिनेश कुमार, द्वितीय खुशबू कन्नौजे, तृतीय राजेश्वर देवांगन रहे। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में प्रथम तिलकचंद साहू, द्वितीय भूपेंद्र साहू एवं तृतीय रोशनी मांझी रही।



इस पोस्टर, निबंध व नारा लेखन प्रतियोगिता में हेमा चंद्राकर, मोनिका साहू, मुस्कान साहू, उर्वशी ध्रुव, महेश्वरी पटेल, सुमन यादव श्याम भोई, हरीश कुमार साहू, आशीष यादव, मंदीप साहू, ममता साहू, प्रतिभा गोस्वामी, तारनी सिन्हा, चांदनी जलक्षत्री, दीपिका चंद्राकर सहित स्वयंसेवक दिनेश साहू, भूपेश साहू, गोपी सिन्हा, उर्मिला साहू, शीतल देवांगन, खुशबू कन्नौजे, लोकनाथ साहू सहित कुल 70 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

